# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 16.02.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयी-

## 1. अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार थाना बिलारीः-



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 15.02.2024 की रात्रि में उ0नि0 श्री विनित कुमार थाना बिलारी द्वारा मय हमराह पुलिस बल के अभियुक्त 1. इमरान पुत्र इशाक हुसैन नि0 मौ0 अन्सारियान कस्बा व थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद 2. रियाजुद्दीन पुत्र लियाकत हुसैन नि0 मौ0 अंसारियान थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को एक-एक अवैध तमन्चा व 01-01 कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त आरोपियों के विरुद्ध थाना बिलारी पर क्रमशः मु0अ0सं0-72/2024, 73/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किये गये । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 2. चोरी करने का प्रकाश में आया 01 अभियुक्त गिरफ्तार थाना कोतवालीः-



अवगत कराना है कि दिनांक 17.01.2024 को वादी मौ0 इसरार पुत्र मौ0 रहीस नि0 ताजपुर माफी थाना कटघर मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा वादी का सी0एन0जी0 ऑटो चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 08/2024 धारा 379 भादवि0 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम मे आज दिनांक 16.02.2024 को उ0नि0 श्री कुलदीप राणा थाना कोतवाली द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से प्रकाश में आये अभियुक्त मुनेश पुत्र सोमपाल सैनी निवासी ग्राम केला खेड़ा थाना केला खेड़ा जनपद उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से ऑटो रिक्शा नं0 UP21CT7451 मय चाबी व एक अदद तमन्चा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कार0 12 बोर बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 411 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गई।

## 3. थाना कटघर पुलिस द्वारा थाना कटघर क्षेत्र के ग्राम हृदयपुर में हुयी लूट की घटना में वांछित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-




अवगत कराना है कि दिनांक 20/21-01-2024 की रात्रि में थाना कटघर क्षेत्र के ग्राम हृदयपुर में शाहरूख खान पुत्र अब्दुल वाहिद व अबरार पुत्र सलामत के घर में घुसकर कुछ अज्ञात बदमाशो के द्वारा लूट की घटना कारित की गयी। अबरार पुत्र सलाम के घर से लूट करने के बाद बदमाशो द्वारा शाहरूख खान के घर में लूट की गयी तथा रात्रि में जाग हो जाने के कारण बदमाश मौके से फायरिंग कर भाग गये थे। उक्त संबंध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0-35/2024 धारा-394 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। विवेचनात्मक कार्यवाही में उक्त अभियोग में धारा 394 भादवि का विलोप कर धारा 395/397/412 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट की गई है। आज दिनांक 16.02.2024 को थाना कटघर पुलिस मय एसओजी टीम द्वारा वांछित चल रहे अभियुक्त नावेद पुत्र वारिश निवासी पुराना ललवारा थाना सैफनी जनपद रामपुर को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के कब्जे से लूट की घटना से सम्बन्धित माल 01 जोडी कुण्डल पीली धातु व 1750/- रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमंचा मय 03 जिन्दा कारतूस व 01 मोटर साईकिल बरामद की गयी। मुकदमा उपरोक्त में पूर्व में 02 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

1- मु0अ0सं0 299/2015 धारा 307 भादवि थाना शाहबाद जनपद रामपुर

**4. सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-**




अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 15.02.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा अभियुक्त सुहेल पुत्र मुबारक हुसैन निवासी मौहल्ला हामीद मस्जिद के पास रहमतनगर गली नं0 1 थाना कटघर मुरादाबाद को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुये 560/- रूपये, एक पेंसिल एक सट्टा डायरी कार्बन सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कटघर पर आरोपी उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 0073/2024 धारा-13 जी एक्ट पंजीकृत किया गया।

**5. दहेज हत्या के 02 आरोपी गिरफ्तार थाना बिलारी-**



अवगत कराना है कि दिनांक 21.11.2023 को वादिनी निवासी किलाखेड़ा रामनगर तहसील बाजपुर जिला उधमसिंहनगर उत्तराखण्ड ने अभियुक्त गणों द्वारा वादिनी की पुत्री को दहेज के लिए प्रताडित करने तथा माँग पूरी न होने पर जहर देकर हत्या कर देने के संबंध में थाना बिलारी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मु0अ0स0- 504/2023 धारा - 498ए/304बी भादवि0 व धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधि0 पंजीकृत किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 16.02.2024 को म0उ0नि0 मीनू व उ0नि0 श्री जुगेन्द्र सिंह थाना बिलारी द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्तगण 1. जफर पुत्र स्व0 रशीद, 2. रुकसाना पत्नी स्व0 रशीद निवासी ग्राम हाजीपुर थाना बिलारी जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**6. अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार थाना पाकबड़ा-**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 15.02.2024 की रात्रि में उ0नि0 श्री उ0नि0 श्री सोनू कुमार व उ0नि0 आशीष कुमार थाना पाकबड़ा द्वारा हमराह पुलिस बल के अभियुक्त 1. शाहनवाज पुत्र शाहिद हुसैन नि0 गिरिजाघर के पीछे कस्बा व थाना पाकबडा मुरादाबाद को 01 अवैध तमंचा 315 वोर मय 01 जिन्दा कारतूस तथा 2. नरेश कुमार S/O कल्लू सिंह निवासी ग्राम नगला बनवीर थाना पाकवड़ा जिला मुरादाबाद 01 अवैध तमंचा 12 वोर व एक अदद कारतूस 12 बोर नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त आरोपियों के विरुद्ध थाना पाकबड़ा पर क्रमशः मु0अ0सं0-38/2024, 39/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किये गये । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**7. लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-**




अवगत कराना है कि दिनांक 14.02.2024 को वादिनी निवासी थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी की लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के संबंध में थाना कटघर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 0069/2024 धारा 363 भादवि0 पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के आधार पर लड़की को बरामद करते हुए साक्ष्यों/बयानों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-366/376 भादवि,धारा-3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी तथा आज दिनांक 16.02.2024 को उ0नि0 श्री म0उ0नि0 सुश्री लीना कुशवाह थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी फरमान पुत्र राशिद निवासी पीर का बाजार टीला दससराय थाना कटघर मुरादाबाद थाना कटघर मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 8. अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना ठाकुरद्वाराः-




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 16.02.2024 को उ0नि0 श्री उज्जवल राणा थाना ठाकुरद्वारा द्वारा हमराह पुलिस बल के अभियुक्त जीशान पुत्र सनीफ निवासी- मौ0 कुरेशियान, ढकिया पीरु थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद को 01 अवैध तमन्चा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त आरोपियों के विरुद्ध थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0-0059/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**9. अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना मुगलपुराः-**




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 16.02.2024 को उ0नि0 श्री नरेन्द्र कुमार थाना मुगलपुरा द्वारा हमराह पुलिस बल के अभियुक्त नाजिम उर्फ सुघांऊ पुत्र जमील अहमद उर्फ गुंगा निवासी वारसीनगर गली न0 7 थाना मुगलपुरा मुरादाबाद को 01 अवैध तमन्चा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त आरोपियों के विरुद्ध थाना मुगलपुरा पर मु0अ0सं0-0040/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।